# लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

## दिनांक 18 जुलाई, 2018 की सम्पन्न हुई कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 उपेन्द्र नाथ द्विवेदी, प्रति कुलपति | – | सदस्य |
| 3. | प्रो0 पी0सी0 मिश्रा, अधिष्ठाता, कला संकाय | – | सदस्य |
| 4. | अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय | – | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अमिता कन्नौजिया | – | सदस्य |
| 6. | प्रो0 दिनेश कुमार | – | सदस्य |
| 7. | प्रो0 राम मिलन | – | सदस्य |
| 8. | श्री संजय मेधावी | – | सदस्य |
| 9. | डॉ0 रंगोली चन्द्रा | – | सदस्य |
| 10. | डॉ0 रंजना वैशम्पायन | – | सदस्य |
| 11. | डॉ0 देव नरायन श्रीवास्तव | – | सदस्य |
| 12. | डॉ0 ए0ए0 फारुकी | – | सदस्य |
| 13. | श्री एस0के0शुक्ल,सचिव | – | सचिव |

कार्यपरिषद अध्यक्ष मा0 कुलपति जी द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुये आकस्मिक बैठक आहूत किये जाने के कारणों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया, तथा विश्वविद्यालय के नवीन संकाय इंजीनियरिंग एंव तकनीकी संकाय के क्रिया कलापों एवं उसकी उपलब्धियों से परिषद को अवगत कराया। इंजीनियरिंग संकाय की प्रगति एवं उन्नयन के लिये मा0 कुलपति जी के विशेष प्रयास की परिषद ने सराहना करते हुये करतल ध्वनि से प्रशंसा की। तत्पश्चात् सभी सदस्यों द्वारा उनकी दूरगामी सोच एंव नेतृत्व में विश्वविद्यालय के प्रगति पथ पर अग्रसर होने की भावना व्यक्त की। तत्पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिये कुलसचिव/सचिव कार्यपरिषद के अनुरोध पर मा0 कुलपति जी ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

कुलसचिव /सचिव कार्यपरिषद ने अवगत कराया कि सहयुक्त महाविद्यालयों को स्थायी सहयुक्तता प्रदान करने तथा अस्थायी सहयुक्तता वाले महाविद्यालयों को अस्थायी सहयुक्तता विस्तरण तथा स्थायी सहयुक्तता प्रदान करने के लिये भी परिषद के समक्ष प्रस्ताव रखा जा रहा हैं।

दीर्घकाल से संचालित महाविद्यालयों के अस्थायी सहयुक्तता विस्तरण के प्रकरणों पर कार्यपरिषद सदस्य श्री संजय मेधावी,व्यापार प्रशासन विभाग ने स्थायी सहयुक्तता के स्थन पर अस्थायी सहयुक्तता विचारणीय होने की वस्तुस्थित जानने की जिज्ञासा की, जिसको उन्हें सचिव कार्यपरिषद द्वारा अवगत कराया गया। तदोपरान्त कार्यपरिषद की पूर्व बैठक दिनांक 19.06.2017 में अर्थदण्ड वसूल किये जाने के निर्णय के अनुसार वर्तमान में प्रस्तावित प्रकरणों पर समान रुप से रु0 01 लाख मात्र विलम्ब अर्थदण्ड लिये जाने पर विचार विमर्श किया तथा प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

कार्यपरिषद के सदस्य प्रो0 दिनेश कुमार शिक्षा संकाय विभाग ने महाविद्यालयों को सहयुक्तता प्रदान किये जाने के लिये निरीक्षण मण्डल की संस्तुतियों को आनलाइन किये जाने का प्रस्ताव दिया, ताकि पूर्व में निरीक्षण मण्डल की आख्या पर उठे विवाद की

Scanned by CamScanner

पुनरावृत्ति न होने पाये, सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी। जिस पर मा0 अध्यक्ष कार्यपरिषद ने कुलसचिव को तद्नुसार कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया।

इसी सन्दर्भ में मा0 कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद ने सुझाव दिया कि महाविद्यालयों की सहयुक्तता से पूर्व अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिये प्राप्त आवेदन में अग्निशमन विभाग की सहमति देखी जानी चाहिये तथा निरीक्षण में भी अग्निशमन विभाग का प्रमाण पत्र तथा वास्तविक स्थापन की स्थिति को सत्यापित अवश्य कराना चाहिये। अग्निशमन प्रमाण पत्र के वर्षानुवर्ष नवीनीकरण कराये जाने की स्थिति का परीक्षण भी अवश्य कराये जाने का आदेश दिया गया, तथा अगामी एक माह में सभी सहयुक्त महाविद्यालयों से उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश किये।

<u>मद संख्या 01(क)</u>– परिषद द्वारा मा0 कुलपति महोदय द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त निम्नलिखित स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालयों उनके नाम के सम्मुख अंकित पाठ्यक्रमों एंव पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों हेतु सहयुक्त महाविद्यालय से प्राप्त प्रस्तावों/ निरीक्षण आख्या के परिप्रेक्ष्य में सहयुक्तता प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रकरण मा0 कार्य परिषद के सम्मुख विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत :–

**कुलपति द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त निम्नलिखित स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालयों को उनके नाम के सम्मुख अंकित पाठ्यक्रमों/पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों हेतु सहयुक्त महाविद्यालय से प्राप्त प्रस्तावों/निरीक्षण आख्या के अनुसार सहयुक्तता प्रदान किये जाने की कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद की स्वीकृति से कार्यपरिषद अवगत हुई तथा कृत कार्यवाही पर स्वीकृति प्रदान की।**

| क्रम सं0 | महाविद्यालय का नाम | पाठ्यक्रम | सहयुक्तता |
|---|---|---|---|
| 01. | गौतम बुद्व डिग्री कालेज लखनऊ | बी0कॉम0 | सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण |
| 02. | लखनऊ डिग्री कालेज, बाजनगर,दुबग्गा,लखनऊ | बी0कॉम0 | सत्र 2018–19 से स्थायी सहयुक्तता |
| 03. | ए0के0जी0 कालेज लखनऊ | बी0कॉम0 | सत्र 2018–19 से स्थायी सहयुक्तता |
| 04. | श्री कृष्ण दत्त एकेडमी,महाविद्यालय | बी0एस0सी0 | 2018–19 से 03 वर्ष हेतुअस्थायी सहयुक्तता |
| 05. | वनस्थली ज्ञानपीठ गर्ल्स डिग्री कालेज लखनऊ | बी0ए0 एंव बी0कॉम0 | सत्र 2018–19 से स्थायी सहयुक्तता |

<u>मद संख्या 01 (ख)</u>–कार्यालय द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों में विभिन्न पाठ्यक्रमों की अस्थायी सहयुक्तता के प्रयोजनार्थ प्राप्त निरीक्षण आख्या के परिप्रेक्ष्य में निम्न महाविद्यालयों में उनके सम्मुख अंकित पाठ्यक्रमों में सहयुक्तता प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण परिषद के सम्मुख विचारार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत :–

**कार्यालय द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों में विभिन्न पाठ्यक्रमों की अस्थायी सहयुक्तता के प्रयोजनार्थ प्राप्त निरीक्षण आख्या के परिप्रेक्ष्य में निम्न महाविद्यालयों में उनके सम्मुख अंकित पाठ्यक्रमों में सहयुक्तता प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण से कार्यपरिषद अवगत हुई तथा उनके सम्मुख अंकित आंशिक संशोधनों के साथ कृत कार्यवाही पर स्वीकृति प्रदान की।**

Scanned by CamScanner

| क्रम सं0 | महाविद्यालय का नाम | पाठ्यक्रम | सहयुक्तता | संशोधन |
|---|---|---|---|---|
| 01. | सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइन्सेज एण्ड रिसर्च सेन्टर, मोहनलालगंज,लखनऊ | बी0ए0एम0एस0 | 100 सीटों सहित सत्र 2017–18 से अस्थायी सहयुक्तता | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 02. | भालचन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट | बी0एस0सी0 कृषि (दो सेक्शन सहित ) | सत्र 2018–19 से 04 वर्ष हेतु अस्थायी सहयुक्तता | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 04. | सेंट मदर टेरेसा विधि महाविद्यालय | विधि पंचवर्षीय | 2018–19 से 05 वर्ष हेतु अस्थायी सहयुक्तता | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 05. | इंस्टीट्यूट ऑफ कोआपरेटिव एण्ड कोर्पोरेट मैनेजमेन्ट रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग | बी0बी0ए0 एंव बी0कॉम0 आनर्स | 2018–19 से 03 वर्ष हेतु अस्थायी सहयुक्तता | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 06. | गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज महाविद्यालय | बी0एफ0ए0 | 2018–19 से 03 वर्ष हेतु अस्थायी सहयुक्तता | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 07. | शेरवुड कालेज ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेन्ट लखनऊ | बी0कॉम0 एंव बी0कॉम आनर्स | 2018–19 के लिये विस्तारित | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 08. | बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज | एम0कॉम0 | सत्र 2018–19 से 02 वर्ष हेतु अस्थायी सहयुक्तता | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 09. | नगर निगम डिग्री कालेज लखनऊ | बी0ए0 एंव बी0कॉम0 | सत्र 2018–19 के लिये विस्तारण प्रतिवर्ष 01 लाख रु0 अर्थदण्ड सहित | रु0 01 लाख अर्थदण्ड के साथ वर्ष 2018–19 हेतु विस्तारण इस प्रतिबन्ध के साथ कि यदि महाविद्यालय आगामी वर्ष तक स्थायी सहयुक्तता प्राप्त नहीं कर लेता हैं तो उसे पूर्व वर्ष से स्थायीकरण प्राप्त करने के वर्ष तक प्रतिवर्ष अर्थदण्ड देना होगा। |
| 10. | बी0एस0एन0वी0 पी0जी0 कालेज | बी0कॉम0 | सत्र 2018–19 के लिये प्रतिवर्ष 01 लाख रु0 अर्थदण्ड सहित | रु0 01 लाख अर्थदण्ड के साथ वर्ष 2018–19 हेतु विस्तारण इस प्रतिबन्ध के साथ कि यदि महाविद्यालय आगामी वर्ष तक स्थायी सहयुक्तता प्राप्त नहीं कर लेता हैं तो उसे पूर्व वर्ष से स्थायीकरण प्राप्त करने के वर्ष तक प्रतिवर्ष अर्थदण्ड देना होगा। |
| 11. | श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन महाविद्यालय छोटा भरवारा गोमतीनगर लखनऊ | एम0कॉम0 वाणिज्य एंव एम0ए0 समाजशास्त्र एंव शिक्षा शास्त्र | सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण के सम्बन्ध में | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 12. | श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन महाविद्यालय देवरी रुखारा,बख्शी का तालाब,लखनऊ | एम0कॉम0 वाणिज्य एंव एम0ए0 | सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |

Scanned by CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | समाजशास्त्र एंव हिन्दी | | |
| 13. | इरम गर्ल्स डिग्री कालेज लखनऊ | एम0एड0 | सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 14. | एग्जॉन माण्टेसरी गर्ल्स डिग्री कालेज,कैम्पवेल रोड लखनऊ | बी0ए0 एंव बी0कॉम0 | सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 15. | डॉ0 आशा स्मृति महाविद्यालय, देवा रोड लखनऊ | बी0ए0 एंव बी0लिब0 | सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 16. | रामाकान्वेन्टमहाविद्यालय,हनुमन्तपुर,इटौंजा,लखनऊ | बी0ए0 एंव बी0कॉम0 | बी0 ए0 पाठ्यक्रम का विस्तारण एंव बी0कॉम0 में कार्यपरिषद के पूर्व निर्णयानुसार रु0 01 लाख के अर्थदण्ड के साथ सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण | बी0ए0 पाठ्यक्रम सत्र 2018–19 केविस्तारण पर अनुमोदन प्रदान किया गया एंव बी0कॉम0 पाठ्यक्रम में रु0 01 लाख अर्थदण्ड के साथ विस्तारण। |
| 17. | नर्वदेश्वर डिग्री कालेज मल्हौर रोड चिनहट लखनऊ | बी0बी0एं0 एंव बी0कॉम0 | कार्यपरिषद के पूर्व निर्णयानुसार प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु रु0 01 लाख के अर्थदण्ड के साथ सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण | रु0 01 लाख अर्थदण्ड के साथ विस्तारण प्रति पाठ्यक्रम के लिये। |
| 18. | इस्लामिया डिग्री कालेज,लालबाग,लखनऊ | बी0एस0सी0 | कार्यपरिषद के पूर्व निर्णयानुसार प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु रु0 01 लाख के अर्थदण्ड के साथ सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण | रु0 01 लाख अर्थदण्ड के साथ वर्ष 2018–19 हेतु विस्तारण इस प्रतिबन्ध के साथ कि यदि महाविद्यालय आगामी वर्ष तक स्थायी सहयुक्तता प्राप्त नहीं कर लेता हैं तो उसे पूर्व वर्ष से स्थायीकरण प्राप्त करने के वर्ष तक प्रतिवर्ष अर्थदण्ड देना होगा। |
| 19. | राधेश्याम डिग्री कालेज,गंगागंज लखनऊ | बी0ए0 एंव बी0कॉम | कार्यपरिषद के पूर्व निर्णयानुसार प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु रु0 01 लाख के अर्थदण्ड के साथ सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण | रु0 01 लाख अर्थदण्ड प्रति पाठ्यक्रम के साथ विस्तारण। |
| 20. | अकबरी बेगम लॉ कालेज, गणेशपुर,रहमानपुर लखनऊ | विधि त्रिवर्षीय एंव पंचवर्षीय | विधिपंचवर्षीयमेंविस्तारण एंव विधि त्रिवर्षीय में कार्यपरिषद के पूर्व निर्णयानुसार रु0 01 लाख के अर्थदण्ड के साथ सत्र 2018–19 हेतुविस्तारण | विधिपंचवर्षीयमें सत्र 2018–19 केविस्तारण पर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं विधि त्रिवर्षीय में रु0 01 लाख अर्थदण्ड के साथ विस्तारण। |
| 21. | दिव्या सिंह मेमोरियल महिला महाविद्यालय,गहदेव,माल लखनऊ | बी0ए0 | कार्यपरिषद के पूर्व निर्णयानुसार रु0 01 लाख के अर्थदण्ड के साथ सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण | रु0 01 लाख अर्थदण्ड के साथ विस्तारण। |
| 22. | लखनऊ कालेज ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड एजुकेशन लखनऊ | बी0बी0ए0 | कार्यपरिषद के पूर्व निर्णयानुसार रु0 01 लाख के अर्थदण्ड के साथ सत्र 2018–19 हेतु विस्तारण | रु0 01 लाख अर्थदण्ड के साथ विस्तारण। |

Scanned by CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 23. | सूर्या कालेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेन्ट लखनऊ | बी0कॉम0 | 2018–19 से 03 वर्ष हेतु अस्थायीसहयुक्तता | यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 24. | मुमताज पी0जी0 कालेज डालीगंज लखनऊ | बी0 कॉम0 | 2018–19 के लिये विस्तारण | रु0 01 लाख अर्थदण्ड के साथ वर्ष 2018–19 हेतु विस्तारण इस प्रतिबन्ध के साथ कि यदि महाविद्यालय आगामी वर्ष तक स्थायी सहयुक्तता प्राप्त नहीं कर लेता हैं तो उसे पूर्व वर्षे से स्थायीकरण प्राप्त करने के वर्ष तक प्रतिवर्ष अर्थदण्ड देना होगा। अग्निशमन प्रमाण पत्र आगामी एक माह में उपलब्ध करा दिया जायेगा। |
| 25. | लखनऊ डिग्री कालेज लखनऊ | बी0 ए0 | 2018–19 के लिये रु0 03 लाख के अर्थदण्ड के साथ विस्तारण | रु0 01 लाख अर्थदण्ड के साथ वर्ष 2018–19 हेतु विस्तारण इस प्रतिबन्ध के साथ कि यदि महाविद्यालय आगामी वर्ष तक स्थायी सहयुक्तता प्राप्त नहीं कर लेता हैं तो उसे पूर्व वर्षे से स्थायीकरण प्राप्त करने के वर्ष तक प्रतिवर्ष अर्थदण्ड देना होगा। |

<u>मद संख्या01(ग)</u>– लखनऊ कालेज ऑफ कॉमर्स एण्ड एजुकेशन लखनऊ में पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों बी0कॉम एंव बी0कॉम0 आनर्स में सत्र 2018–19 से प्रवेश स्थगित किये जाने तथा भविष्य में पुनः प्रवेश लेने से पूर्व विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना प्रवेश करने सम्बन्धी प्रस्ताव परिषद के सम्मुख अनुमादनार्थ प्रस्तुत।

**लखनऊ कालेज ऑफ कॉमर्स एण्ड एजुकेशन लखनऊ में प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत अनुरोध पर पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों बी0कॉम एंव बी0कॉम0 आनर्स में सत्र 2018–19 से प्रवेश स्थगित किये जाने तथा भविष्य में पुनः प्रवेश लेने से पूर्व विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना प्रवेश करने सम्बन्धी प्रस्ताव पर परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया।**

<u>मद संख्या01(घ)</u>– स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में शिक्षण कार्यो हेतु अनुबन्ध शिक्षकों के सम्बन्ध में सम्पन्न हुई चयन समिति की संस्तुतियों के लिफाफे खोलना तथा चयन संस्तुतियों पर विचार किया गया एंव परिषद द्वारा निम्न अभ्यर्थियों के चयन पर अनुमोदन प्रदान किया :–

Scanned by CamScanner

1. <u>असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संविदा)(सिविल इंजीनियरिंग) –02 पद) अनारक्षित विज्ञापन संख्या 01/2018</u>

परिषद ने उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 22.06.2018 को यथावत् स्वीकार किया जिसमें कोई भी अभ्यर्थी असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संविदा)(सिविल इंजीनियरिंग) पद हेतु योग्य न पाये जाने के कारण उक्त पद को पुर्नविज्ञापित किये जाने का निर्णय लिया गया।

2. <u>असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संविदा)(कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग) –02 पद) अनारक्षित विज्ञापन संख्या 01/2018</u>

परिषद ने उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 22.06.2018 को यथावत् स्वीकार किया तद्‌नुसार अधिमानी क्रम में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग) अनारक्षित के पद पर नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया।

(अ) श्री रोहित (सुल्तानपुर) चयनित अना0
(ब) पलक सिंघल(कानपुर) चयनित अना0
**Waiting**
(स) श्री चन्द्रभान सिंह (कानपुर)
(द) श्री जितेन्द्र कुमार (मऊ)

3. <u>असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संविदा)( इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) –02 पद) अनारक्षित विज्ञापन संख्या 01/2018</u>

परिषद ने उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 23.06.2018 को यथावत् स्वीकार किया तद्‌नुसार अधिमानी क्रम में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) अनारक्षित के पद पर नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया।
(अ) प्रियंका सिंह (सोनभद्र) चयनित अना0
(ब) डॉली शर्मा (लखनऊ) चयनित अना0
**Waiting**
(स) मोनिका सिंह (प्रतापगढ़)

4. <u>असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संविदा)( इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) –02 पद) अनारक्षित विज्ञापन संख्या 01/2018</u>

परिषद ने उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 23.06.2018 को यथावत् स्वीकार किया तद्‌नुसार अधिमानी क्रम में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) अनारक्षित के पद पर नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया।
(अ) प्रीती सिंह (बस्ती) चयनित अना0
(ब) श्री रामू देवेश (बोकारो स्टील सिटी) चयनित अना0
**Waiting**
(स) श्री अर्जुन वर्मा (सन्त कबीर नगर)

4.(अ) <u>असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संविदा)(मैथमेटिक्स) इंजीनियरिंग संकाय –02 पद) अनारक्षित विज्ञापन संख्या 01/2018</u>

परिषद ने उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 24.06.2018 को यथावत् स्वीकार किया तद्‌नुसार अधिमानी क्रम में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (मैथमेटिक्स,इंजीनियरिंग संकाय) अनारक्षित के पद पर नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया।
(अ) डॉ0 खुशबु वर्मा (फैजाबाद) चयनित अना0

5. <u>असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संविदा)( मैकेनिकल इंजीनियरिंग) –02 पद) अनारक्षित विज्ञापन संख्या 01/2018</u>

Scanned by CamScanner

परिषद ने उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 24.06.2018 को यथावत् स्वीकार किया तदानुसार अधिमानी क्रम में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) अनारक्षित के पद पर नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया।

(अ) कीर्ति श्रीवास्तव (बहराईच) चयनित अना0

बैठक के अन्त में कुलसचिव/सचिव कार्यपरिषद द्वारा सभापति सहित बैठक में प्रतिभागी सभी सदस्यों का आभार/धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कुलपति/अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

एस0के0शुक्ल
कुलसचिव/सचिव

प्रो0 एस0पी0सिंह
कुलपति/अध्यक्ष

Scanned by CamScanner